रामचरित-मानस के उपमान

(प्रयाग विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि के लिये प्रस्तुत शोध प्रबन्ध)

निर्देशक

उमाशंकर शुक्ल एम० ए०

हिन्दी-विभाग

प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग

शोध छात्रा

श्रीमती लीला ओझा

-: भूमिका :-

सन् १९५८-५९ में, जब मैं एम० ए० (फायनल) की छात्रा थी, उसी समय में हिन्दी में अनुसन्धान करने का निश्चय कर चुकी थी । उन दिनों मेरे पूज्य पिता डा० उदयनारायण तिवारी, भारत के वरिष्ठ-भाषाशास्त्र-अनुसन्धित्सु के रूप में अमरीका के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय (बर्कले) में थे । मैंने जब अनुसन्धान के विषय के सम्बन्ध में उनसे लिखकर पूछा तो उन्होंने ' तुलसीदासकृत रामचरित मानस के उपमानों का अध्ययन ' विषय पर कार्य करने का परामर्श दिया । जब वे अमरीका से लौटे तो मैं एम० ए० (हिन्दी) में उत्तीर्ण हो चुकी थी । जब अनुसंधान के विषय को चुनने का प्रश्न आया तो मैंने "रामचरितमानस के उपमान" विषय को रिसर्च डिग्री कमेटी के सामने रखा । कमेटी के सदस्यों को यह विषय पसन्द आया और इस प्रकार मुझे नवम्बर ' ५९ को इस विषय पर अनुसन्धान करने की आज्ञा मिल गयी । मैंने अपने निर्देशक पं० उमाशंकर शुक्ल के परामर्श से रामचरितमानस के उपमानों को चिटों पर एकत्र करना आरम्भ कर दिया । सर्व प्रथम: उपमान-उपमेय के चिट तैयार किये गये ; किन्तु एक वर्ष कार्य करने के पश्चात यह अनुभव हुआ कि उपमेय-उपमान के चिट तैयार करना भी कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है । उपर्युक्त सम्पूर्ण सामग्री एकत्र करने के पश्चात् उसका अध्ययन एवं वर्गीकरण भी आवश्यक था । इसी अध्ययन के परिणामस्वरूप यह निबन्ध तैयार हुआ है । इसमें निम्नलिखित अध्याय हैं।

(१) अलंकारों का साहित्य में प्रयोग, उनकी परम्परा तथा उनका महत्व :

इस अध्याय में,अलंकार - प्रयोग की प्राचीन परम्परा का निरूपण, आचार्य भामह कृत काव्यालंकार, उद्भट के काव्यालंकारसार संग्रह आदि आलंकारिक आचार्यों द्वारा अलंकारों के महत्व का प्रतिपादन, रीति, वक्रोक्ति एवं ध्वनि सम्प्रदायों के आचार्यों द्वारा अलंकारों के महत्व का निरूपण एवं उपमानों के अध्ययन का महत्व आदि की विवेचना की गई है ।

(२) रामचरित मानस में प्रयुक्त उपमानों का साहित्यिक अध्ययन :

इस अध्याय में उपमानों के स्त्रोत, उपमानों का वर्गीकरण, उपमानों की दिशाएं एवं उपमान वाचकों का गठनात्मक अध्ययन सम्बन्धी विवेचन प्रस्तुत किया गया है ।

(३) उपमानों का पर्यायपरक एवं आवृत्तिपरक अध्ययन :

इस अध्याय में उपमानों के विविध पर्याय रूपों तथा उनकी आवृत्तियों का गणनामूलक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।

(४) उपमेय-उपमान :

इसमें जिन जिन उपमेयों के जो जो उपमान रामचरित मानस में प्रयुक्त किये गये हैं उनकी तालिका प्रस्तुत की गयी है ।

(५) उपमान-उपमेय :

इस अध्याय में रामचरित मानस में प्रयुक्त उपमानों के साथ जो - जो उपमेय आये हैं उनकी तालिका प्रस्तुत की गई है ।

वास्तव में किसी कवि द्वारा प्रयुक्त उपमानों के अध्ययन से किसी जाति के साहित्यिक रस बोध के साथ साथ उसके सांस्कृतिक धरातल का पता चलता है । भाषाशास्त्र की दृष्टि से विवरणात्मक तथा वस्तुपरक अध्ययन होने से साहित्य सम्बन्धी और नवीन तथ्य सहज में ही पाठकों के सामने आ जाते हैं । इस अभि-निबन्ध के समग्र रूप से अध्ययन और मनन के पश्चात् मैंने जो कुछ ऊपर कहा है उसकी सत्यता स्वत: प्रमाणित हो जायगी ।

मैं अपने निर्देशक पं० उमाशंकर शुक्ल की अत्यधिक आभारी हूं जिन्होंने समय समय पर परामर्श देकर इस अभिनिबन्ध को अधिक से अधिक वैज्ञानिक बनाने में मेरी सहायता की ।

संकेत

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में जो अंक प्रयुक्त किये गए हैं उनका संबन्ध डॉ माता प्रसाद गुप्त द्वारा हिन्दुस्तानी एकेडेमी से प्रकाशित " रामचरितमानस " से है। पहला अंक कांड द्योतक है। यथा :-

१ बाल कांड

२ अयोध्या कांड

३ अरण्य कांड

४ किष्किन्धा कांड

५ सुन्दर कांड

६ लंका कांड

७ उत्तर कांड

इसके बाद वाला अंक रामचरित मानस की पंक्तियों को तथा अन्तिम अंक पृष्ठों को द्योतित करता है। इस प्रकार १।१०।२५ से तात्पर्य बाल कांड के २५ वें पृष्ठ की १० वीं पंक्ति से होगा।

विषयानुक्रमणिका

२.४२. उपमान वाचकों का वितरण -

(१) इव (२) जथा (३) जनु (४) जस (५) जिमि (६) जैसा (७) जैसी (८) जैसे (९) ज्यों (१०) तिमि (११) नाई (१२) मनहुं (१३) सम (१४) समान (१५) सरिसा - सरिस (१६) सी (१७) से (१८) सो

३. रामचरितमानस में प्रयुक्त उपमानों का पर्यायवाची अध्ययन

(१) कामधेनुवाची (२) फरसावाची (३) भृंगीवाची
(४) मछलीवाची (५) यमुनावाची (६) अंधकारवाची
(७) कौवावाची (८) पपीहावाची (९) दुष्टवाची
(१०) मायावाची (११) मणिवाची (१२) सरोवरवाची
(१३) शिववाची (१४) अमृतवाची (१५) मधुवाची
(१६) नदीवाची (१७) भीलवाची (१८) भ्रमरवाची
(१९) मृगवाची (२०) आकाशवाची (२१) कल्पवृक्षवाची
(२२) गंगावाची (२३) चकोरवाची (२४) जलवाची
(२५) नेत्रवाची (२६) हंसवाची (२७) कामदेववाची
(२८) कालवाची (२९) अग्निवाची (३०) पर्वतवाची
(३१) सागरवाची (३२) हाथीवाची (३३) बादलवाची
(३४) सर्पवाची (३५) चन्द्रमावाची (३६) सूर्यवाची
(३७) कमलवाची

४. परिशिष्ट

रामचरितमानस के उपमेयों एवं उपमानों की तालिका

उपमेय : उपमान

उपमान : उपमेय

१. अलंकारों का साहित्य में प्रयोग उनकी परम्परा तथा उनका महत्व :

१.१. अलंकारों का प्रयोग तथा उनकी परम्परा :

काव्य-ग्रंथों में अलंकार-प्रयोग की बहुत प्राचीन परम्परा है । 'काव्य मीमांसा' में राजशेखर ने अलंकारों के प्रयोगों के आरंभिक रूपों पर प्रकाश डाला है।[१] अलंकार-प्रयोग के ऐतिहासिक स्वरूप की विवेचना आचार्य वात्स्यायन कृत 'कामसूत्र' में भी उपलब्ध है ।[२] किन्तु इन वर्णनों से अलंकार-प्रयोग के आदि स्रोत का पता नहीं चलता । अनेक आचार्यों ने नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि को अलंकारशास्त्र का प्रथम मीमांसक माना है ।

अलंकारों के प्रयोग का स्पष्ट इतिहास न होने पर भी इतना तो निर्विवाद सत्य है कि वैदिक काल में अलंकारों का प्रयोग आरम्भ हो चुका था। पंडित बलदेव उपाध्याय का मत है कि 'वैदिक साहित्य में अलंकार शास्त्र का कहीं भी निर्देश नहीं मिलता और न वेद के षडङ्गों में ही अलंकार शास्त्र की गणना है,परन्तु इस शास्त्र के मूलभूत अलंकार - उपमा, रूपक, अतिशयोक्ति आदि के - अत्यन्त सुन्दर उदाहरण हमें वैदिक संहिताओं और उपनिषदों में उपलब्ध होते हैं । अलंकारों में उपमा तो अत्यन्त प्राचीन है। इसका सम्बन्ध कविता के प्रथम आविर्भाव से ही है । आर्यों की प्राचीनतम कविता ऋग्वेद में उपनिबद्ध है ।[३]' यह स्पष्ट है कि वेदों में अलंकारों का प्रयोग आरम्भ हो गया था ।[४] 'उपमा' एवं 'उपमान' जैसे अलंकारिक शब्दों के प्रयोग भी वैदिक मंत्रों में उपलब्ध होते हैं । 'निघण्टु' में भी

---

१. काव्य मीमांसा : राजशेखर : पृष्ठ १ .
२. कामसूत्र : वात्स्यायन (१।१।१३, १७) .
३. भारतीय साहित्य शास्त्र (प्रथम खण्ड) ? बलदेव उपाध्याय :
४. दे० ऋग्वेद १।१२४।७ एवं १।१६४।२० सं० २००७ : पृष्ठ १३ .

'उपमा' एवं 'उपमान' जैसे अलंकारिक शब्दों के प्रयोग हुए हैं। 'निघण्टु' के श्लोकों में प्रयुक्त 'इदमिव', 'इदं', 'यथा', एवं 'तद्वत्' आदि उपमान-वाचक भी अलंकार-प्रयोग की परम्परा का ही संकेत देते हैं।

काव्यशास्त्र में "उपमा" को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अलंकार माना गया है। निरुक्त में 'अलंकार' की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है किन्तु इस ग्रंथ में 'यास्क' ने 'अलंकरिष्णु' शब्द का प्रयोग किया है। इससे अलंकार - प्रयोग का आभास मिलता है। 'यास्क' द्वारा प्रतिपादित सूत्रों के मीमांसक 'गार्ग्य' ने 'उपमा' की शास्त्रीय व्याख्या की है और उन्होंने 'उपमान' को उपमेय से श्रेष्ठ बतलाया है। पं० बलदेव उपाध्याय ने यास्क की उपमा विषयक शास्त्रीयता की विवेचना करते हुए अपना मत व्यक्त किया है कि 'यास्क ने पांच प्रकार की उपमा का वर्णन अपने ग्रंथ में किया है। उपमा के द्योतक निपात 'इव', 'यथा', 'न', 'चित्', 'नु' और 'आ' हैं।[१] यास्क के मतानुसार उपमा के विविध रूपों में 'कर्मोपमा', 'भूतोपमा', 'सिद्धोपमा', 'अर्थोपमा' और 'लुप्तोपमा' की गणना की जा सकती है। वास्तव में वेदों में उपमा के प्रयोगशील रूपों के दर्शन तो होते हैं किन्तु उपमा की शास्त्रीयता का विवेचन ऋग्वेद तथा अन्यान्य वेदों में उपलब्ध नहीं होता।

पाणिनि ने अष्टाध्यायी में 'उपमालंकार' की तात्त्विकता का पूर्ण विवेचन किया है। इस ग्रंथ में उपमा, उपमान, उपमित तथा सामान्य आदि अलंकारिक शब्दों के प्रयोग भी किये गये हैं। पाणिनि के व्याकरणशास्त्र में 'कृत्, तद्धित, समासान्त प्रत्ययों, समास के विधान तथा स्वर के ऊपर सादृश्य के कारण जो व्यापक प्रभाव पड़ता है उसका सूत्रों में स्पष्ट उल्लेख है।[२] परवर्ती आचार्य कात्यायन एवं शान्तनव ने पाणिनि के मत का ही समर्थन किया है। महर्षि पतंजलि ने 'महाभाष्य' में पाणिनि द्वारा निर्दिष्ट 'उपमान' की तात्त्विकता की व्याख्या की है। अतएव यह स्पष्ट है कि पाणिनिकाल में तथा परवर्ती युग में विद्वानों ने उपमा, उपमान और उपमेय की शास्त्रीयता का विशद विवेचन किया है।

---

१. भारतीय साहित्यशास्त्र : पं० बलदेव उपाध्याय : सं० २००७ : पृष्ठ १७.
२. भारतीय साहित्य शास्त्र : पं० बलदेव उपाध्याय : सं० २००७ : पृष्ठ १७.
३. महाभाष्य (पाणिनि पर) २।१।५५.

अलंकारशास्त्र पर व्याकरण के नियमों का प्रभाव भी पड़ा है। पाणिनि ने स्वयं 'उपमालंकार' की तात्त्विकता पर व्याकरण के सिद्धान्तों का आरोपण किया है। उपमा का 'श्रौती' एवं 'आर्थी' रूपों में विभाजन पाणिनि के अष्टाध्यायी में प्रस्तुत सूत्रों के आधार पर ही किया गया है। आगे चलकर भरत मुनि के नाट्यशास्त्र, भामह के काव्यालंकार, रुद्रट के काव्यालंकार, वामन के काव्यालंकार तथा दण्डी के काव्यादर्श में पाणिनि द्वारा प्रतिपादित अलंकार-विषयक व्याकरणीय विवेचना-पद्धति के ही दर्शन होते हैं।

वेदान्त सूत्र में 'उपमा' तथा 'रूपक' के उल्लेख[1] एवं अश्वघोष कृत 'बुद्ध चरित' में 'उपमा' 'रूपक', 'यथा संख्य' 'उल्लेख' और अनुप्रास आदि के प्रयोग मिलते हैं। परवर्तीकाल में काव्यशास्त्रियों ने उपमान एवं उपमेय की तात्त्विकता की विवेचना करते हुए अलंकारिक प्रयोगों के निर्देश दिये हैं।

१.२. अलंकारों के महत्त्व का प्रतिपादन :

प्राचीन काल में अलंकार शब्द व्यापक एवं गम्भीर अर्थ में प्रयोग हुआ था तथा उसी आधार पर संस्कृत आलोचना-शास्त्र 'अलंकारशास्त्र' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस व्यापक एवं गम्भीर अर्थ में अलंकार शब्द का लक्ष्य है, एक मानव के हृदय की अनिर्वचनीय रसानुभूति दूसरे के हृदय में संक्रमित कर देने का समग्र कौशल। हमारे जीवन की रसानुभूतियां केवल सूक्ष्म, सुकुमार एवं अनन्त - वैचित्र्यशील ही नहीं होतीं, बल्कि हृदय के गहन अंतराल में बहुत बार अनिर्वचनीय 'चित्स्पन्दन-रूपिणी होती है।'[2] इसी अनिर्वचनीय को वचनीय करने की चेष्टा ही हमारी साहित्य-चेष्टा, या दूसरे शब्दों में कहें तो सम्पूर्ण कला चेष्टा है। 'साधारण शब्दों द्वारा अप्रकाश्य होने के कारण हमारा रसोद्दीप्त या रसाप्लुत चित्-स्पन्दन अनिर्वचनीय है। इस अनिर्वचनीय को वचनीय करने के लिए प्रयोजन होता है असाधारण भाषा का।'[3]

---

१. वेदान्तसूत्र (३-२-१८).

२. उपमा कालिदासस्य - डा० शशिभूषण दास गुप्त - पृ० ४, १९६२

३. उपमा कालिदासस्य : डा० शशिभूषणदास गुप्त - सं० १९६२ : पृष्ठ ४, ५.

इस असाधारण भाषा के विविध प्रयोगों को ही `अलंकार` की संज्ञा दी जाती है।

प्राचीनकाल में आंतरिक भावों अथवा विचारों के अभिव्यक्तीकरण का एकमात्र साधन काव्य ही था । काव्याभिव्यंजना में आंतरिक अनुभूतियों की सरलतम अभिव्यक्ति समाविष्ट रहती थी । अभिव्यंजित भावों के व्यापक प्रसारण एवं प्रभावशीलता के लिए प्राय: आलंकारिक भाषा का प्रयोग होता था । इससे आंतरिक भावों अथवा विचारों का प्रभाव अधिक व्यापक एवं प्रभविष्णु हो जाता था । हृदयस्थित भावों एवं अनुभूतियों के प्रकटीकरण के लिये सालंकार भाषा का प्रयोग आवश्यक होता है । अलंकाररहित भाषा, न तो अन्तर्लोक को ही प्रकट कर सकती है और न आंतरिक भावों का समुचित प्रसारण ही कर सकती है । रचनाकार की काव्यानुभूति, स्वानुरूप वर्ण-चित्र आदि का अभिव्यक्तीकरण आलंकारिक भाषा के द्वारा ही सम्भव है ।

प्राचीन काव्यशास्त्रियों ने काव्य की आत्मा का विवेचन करते हुए `अलंकार` के महत्व पर पूर्ण प्रकाश डाला है । इन काव्यशास्त्रियों में आचार्य भामह, आचार्य उद्भट, आचार्य दण्डी, आचार्य रुद्रट एवं आचार्य वामन आदि आलंकारिकों की विशेष गणना की जा सकती है । इन आलंकारिकों ने अलंकार-निरूपण करते हुए उपमा, उपमान और उपमेय आदि की भी विशद विवेचना की है इससे `उपमान` की शास्त्रीयता का आभास तो होता ही है, साथ ही उपमानों के महत्व पर भी पूर्ण प्रकाश पड़ता है ।

आचार्य भामह कृत `काव्यालंकार` में `उपमान-निरूपण` :

आचार्य भामह ने अलंकारों की शास्त्रीयता का निरूपण करते हुए `उपमालंकार` की विशद विवेचना की है।[1] `यथा` एवं `इव` शब्दों के प्रयोगों से उद्भूत सादृश्यमूलक अलंकार अथवा उपमालंकार का निरूपण भी भामह ने किया है। इसी प्रसंग में इन्होंने `उपमान` की व्याख्या भी की है। भामह ने उपमानों की आयोजना को अनिवार्य बतलाया है तथा उपमानाधिक्य दोष का निरूपण `रामशर्मण:` के आधार पर किया है। `बालबोधिनी` में `साधारणधर्मवत्वेन प्रसिद्ध: पदार्थ: उपमानम्, तद्भक्त्या वर्णनीय: पदार्थ: उपमेयम्` के द्वारा `उपमान` और `उपमेय` की शास्त्रीय व्याख्या की गई है।[2] आचार्य भामह ने उपमानाधिक्य को काव्यालंकार-दोष नहीं माना है। प्रस्तुत श्लोक भामह के `उपमानाधिक्य दोष` विषयक दृष्टिकोण को और भी अधिक स्पष्ट करता है :-

> `आधिक्यमुपमानानां न्याय्यं नाधिकता भवेत् ।
> गोक्षीर कुन्दहलिनां विशुद्धया सदृशं यश: ।।६१।।`[3]

भामह का मत है कि उपमानाधिक्य सादृश्य प्रतिपादक विशेषण तथाउपमान की अनेकता के कारण होता है। अतएव इन गुणों के कारण उपमान की अधिकता को दोष नहीं माना जा सकता। `उपमा` के अनिवार्य तत्वों में उपमान की गणना की जाती है। यदि उपमान-नियोजन समर्थ न हुआ तो उसका परिणाम यह होता है कि उपमान योजना एवं उपमालंकार का प्रयोग ही दूषित हो जाता है।

भामह का यह भी मत है कि `उपमान` के द्वारा ही उपमा की निष्पत्ति होती है। उपमान चाहे एक हो अथवा अनेक, उपमा की निष्पत्ति ,

---

१. यथेवशब्दो सादृश्यमाहतुर्व्यतिरेकिणो: ।
   दूर्वाकाण्डमिव श्यामं तन्वी श्यामालता यथा ।।
   : काव्यालंकार : भामह (भाष्यकार- देवेन्द्रनाथ शर्मा)।।३१।।पृष्ठ ४२ : १९६२

२. बाल बोधिनी : पृष्ठ ५४५

३. भामह विरचित काव्यालंकार (भाष्यकार - देवेन्द्रनाथ शर्मा) पृष्ठ ५५: १९६२

उपमान के माध्यम से ही होती है। उनका मत है कि सादृश्य एक उपमान से भी स्पष्टरूप से व्यक्त हो जाता है - यथा,

> "एतेनैवोपमानेन ननु सादृश्यमुच्यते ।
> उक्तार्थस्य प्रयोगो हि गुरुमर्थं न पुष्यति ।।६२।।"[1]

स्पष्ट है कि भामह ने "उपमान" के प्रयोगाधिक्य को दोष नहीं माना है तथा उपमा की सफल आयोजना के लिये उपमानों की अधिकाधिक आयोजना का अप्रत्यक्ष रूप से निर्देश किया है। भामह के उपमान-आयोजना की विवेचना करते हुए पं० देवेन्द्र नाथ शर्मा ने अपना अभिमत व्यक्त किया है कि भामह ने उपमान की अनेकता विषयक समस्या का समाधान नहीं किया । "समाधान में कहा जा सकता है कि अनेक उपमान स्थूलतः एक धर्म के प्रतिपादक होकर भी छाया में परस्पर भिन्न होते हैं और एक ही धर्म के विभिन्न पक्षों को उद्भासित करते हैं[2]।" उपर्युक्त व्याख्या से यह तथ्य तो उद्घाटित होता ही है कि अलंकारशास्त्र में "उपमा" नामक अलंकार की विशद विवेचना हुई है तथा "उपमान" का उल्लेखनीय महत्व है । भामह द्वारा निर्दिष्ट सूत्रों के द्वारा इस तथ्य का आभास भी होता है कि सादृश्य विधान के लिए उपमेय तथा उपमान का प्रकृतिः भिन्न होना अनिवार्य है।

भामह के काव्यालंकार के आधार पर संस्कृत में अलंकारशास्त्र की रचना कारिका, कारिकावृत्ति तथा सूत्रवृत्ति की पद्धतियों पर हुई है । भामह कृत काव्यालंकार को कारिका के अंतर्गत माना जा सकता है । इसी पद्धति में दण्डी ने "काव्यादर्श", रुद्रट ने "काव्यालंकार", उद्भट ने "काव्यालंकारसारसंग्रह" तथा जयदेव ने "चन्द्रालोक" की रचना की है। कारिकावृत्ति की पद्धति का अनुसरण करने वाले काव्यशास्त्रियों में ध्वन्यालोक के रचयिता आनन्दवर्धन, वक्रोक्ति जीवित के लेखक आचार्य कुन्तक, सरस्वतीकण्ठाभरण के प्रणेता भोज, काव्यप्रकाश के रचनाकार आचार्य मम्मट एवं साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ की गणना की जा सकती है।

---

१. भामह विरचित काव्यालंकार (भाष्यकार-देवेन्द्रनाथ शर्मा) पृष्ठ ५५: १९६२ .
२. भामह विरचित काव्यालंकार (भाष्यकार - देवेन्द्रनाथ शर्मा) पृष्ठ ५५: १९६२ .

सूत्र-वृत्ति पद्धति का अनुसरण करते हुए आचार्य वामन ने काव्यालंकार सूत्र, हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन एवं आचार्य जगन्नाथ ने रस गंगाधर नामक अलंकार-ग्रंथों की रचना की है। अलंकारशास्त्र की स्वस्थ परम्परा के दर्शन इन्हीं ग्रंथों में होते हैं।

टीकाकार उद्भट के 'काव्यालंकार सार संग्रह' में अलंकार निरूपण :

आचार्य भामह के आलंकारिक नियमों के आधार पर ही आचार्य उद्भट ने 'काव्यालंकार सार' में 'उपमा' का विवेचन किया है। आचार्य उद्भट भी सादृश्य विधान को ही आवश्यक मानते हैं। 'काव्यालंकार-सार' के छठें अध्याय में उपमान और उपमेय का विवेचन किया गया है। आचार्य वामन ने 'उपमा' की शास्त्रीयता का विवेचन अधिक विशद रूप से किया है। काव्यालंकार सूत्र में उपमा की परिभाषा इस रूप में दी गई है :-

'उपमानेनोपमेयस्य गुणलेशतः साम्यमुपमा। ४.२.१।' [१]

स्पष्ट है कि उपमान के साथ उपमेय का साम्य ही उपमालंकार की सृष्टि करता है। संस्कृत काव्यशास्त्रियों की दृष्टि में 'उपमान' का महत्व कम न था। अतएव 'उपमान' के शास्त्रीय रूप को पूर्णतः स्पष्ट करने एवं उसके आलंकारिक महत्व के प्रतिपादन के लिए आचार्य वामन ने अधिक शास्त्रीय रूप में विचार किया है। आचार्य वामन भी 'उपमित' अर्थात् 'सादृश्य' को आवश्यक मानते हैं। सादृश्यविधान की शास्त्रीयता पर आचार्य वामन का दृष्टिकोण निम्नलिखित सूत्र में अभिव्यक्त हुआ है :-

'उपमीयते सादृश्यमानीयते येनोत्कृष्ट गुणेनान्यत्
तदुपमानम्। यदुपमीयते न्यूनगुणं तदुपमेयम्।
उपमानेनोपमेयस्य गुणलेशतः साम्यं यदसावुपमेति।' [२]

---

१. काव्यालंकारसूत्र (भाष्यकार - आचार्य विश्वेश्वर) पृष्ठ १८५ : १९५४.
२. काव्यालंकारसूत्र (भाष्यकार - आचार्य विश्वेश्वर) पृष्ठ १८६ : १९५४.

इसी प्रसंग में 'उपमित' अथवा सादृश्यविधान के साथ 'उपमान' एवं उपमेय की भी व्याख्या की गई है। आचार्य वामन के मतानुसार उत्कृष्ट और न्यून गुण से उत्पन्न सादृश्यविधान को ही 'उपमान' की संज्ञा दी जा सकती है। वास्तव में 'उपमान' और उपमेय दोनों ही अन्योन्याश्रित हैं। दोनों की आयोजना एक साथ होती है तथा आलंकारिक-सौन्दर्य-सृष्टि के दोनों ही तत्व एक दूसरे के पूरक हैं। आचार्य वामन ने सूत्रकार द्वारा प्रतिपादित - गुणबाहुल्यतश्च कल्पित की व्याख्या भी की है। सूत्रकार ने गुणबाहुल्य से उपमा की सृष्टि मानी है। 'गुणबाहुल्य' ही 'उपमान' का धर्म है। आचार्य वामन ने इस सूत्र की व्याख्या इस प्रकार की है :-

> 'गुण बाहुल्यस्योत्कर्षापकर्षकल्पनाभ्याम् । तथा
> उद्गमेत्तरुणतरुणीरमणोपमर्द- मुग्नोन्नतिस्तननिवेशनिर्भं हिमांशोः । १.
> बिम्बं कठोरबिस काण्डकडारगौरैर्विष्णोः पदं प्रथम मग्रकरैर्व्यनक्ति ।।१।।'

इस प्रकार 'गुण बाहुल्य' और उत्कर्ष - अपकर्ष की कल्पना के आधार पर उपमान के शास्त्रीय रूप की विवेचना की गई है। अपने मत की पुष्टि के लिए आचार्य वामन ने 'चंद्रबिम्ब' (उपमेय) और 'हूण तरुणी' का स्तन (उपमान) आदि का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। प्राचीन काव्यशास्त्रियों में आचार्य वामन की सूत्र-व्याख्या अधिक स्पष्ट है। उन्होंने 'उपमान' के तात्विक महत्व को स्वीकार किया है और उसकी प्रामाणिक व्याख्या भी की है। अन्य काव्य - शास्त्रियों के समान आचार्य वामन ने भी 'उपमा' के आवश्यक एवं अनिवार्य तत्वों में उपमेय, उपमान, साधारणधर्म और वाचक का निर्देश किया है।

प्राचीन काव्यशास्त्रियों में आचार्य रुद्रट, आचार्य दण्डी एवं जयदेव ने भी उपमालंकार की विवेचना करते हुए 'उपमान' के तात्विक स्वरूप का निरूपण किया है तथा उसके आलंकारिक महत्व का प्रतिपादन किया है। अलंकार विधान में उपमालंकार का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है और 'उपमान' का समृद्ध रूप ही 'उपमा' को समृद्धि प्रदान करता है।

---

१. काव्यालंकार सूत्र (भाष्यकार - आचार्य विश्वेश्वर) : पृष्ठ १८८ : १९५४.

रीति वक्रोक्ति एवं ध्वनि सम्प्रदायों के आचार्यों द्वारा अलंकारों के महत्व का निरूपण :

अलंकारशास्त्र के विशद अध्ययन के लिए अलंकार एवं रीति सम्प्रदायों का ही विशेष महत्व है। अनेक काव्यशास्त्रियों ने रीति एवं ध्वनि तत्वों का उद्भव 'अलंकार' के द्वारा ही माना है। रीति एवं ध्वनि सम्प्रदाय के आचार्यों ने काव्य में अलंकार के सन्निवेश की महत्ता प्रतिपादित की है।

रीतिमत के प्रधान प्रतिपादक आचार्य वामन द्वारा अलंकारों की महत्ता का प्रतिपादन :

आचार्य वामन ने 'काव्यं ग्राह्यमलङ्कारात्' तथा 'सौन्दर्यमलङ्कारः' आदि सूत्रों में अलंकारों के महत्व को स्वीकार किया है। इन्होंने सब अलंकारों को उपमा पर ही आधारित माना है। यही कारण है कि उन्होंने अलंकारों को 'उपमा प्रपंच' के नाम से अभिहित किया है।

वक्रोक्ति सम्प्रदाय और अलंकार का महत्व :

प्राचीन संस्कृत काव्यशास्त्र में 'वक्रोक्ति' शब्द का प्रयोग अत्यन्त प्राचीन है। वास्तव में रीति सम्प्रदाय के विरोध में तथा उसकी शास्त्रीय मान्यताओं को दबाकर वक्रोक्ति सम्प्रदाय का जन्म हुआ है। इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य कुन्तक माने जाते हैं। आचार्य कुन्तक ने 'वक्रोक्ति जीवितम्' नामक ग्रंथ की रचना की थी। कुन्तक ने काव्य में वक्रोक्ति की अनिवार्यता को स्वीकार किया है। आचार्य भामह ने भी काव्य में 'वक्रोक्ति' का होना स्वीकार किया है। भामह की इस धारणा का अनुमान निम्नलिखित सूत्र से किया जा सकता है :-

> 'सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
> यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना ॥'[1]

---

1. काव्यालंकार - भामह ॥२॥८५॥

आचार्य दण्डी ने भी ' वक्रोक्ति ' के महत्व को स्वीकार किया है। यद्यपि वे ' वक्रोक्ति ' को काव्य की आत्मा नहीं मानते तथापि इसका महत्व उनकी दृष्टि में कम न था । आचार्य दण्डी के वक्रोक्ति विषयक विचारों का अनुमान निम्नलिखित सूत्र से किया जा सकता है :-

' भिन्नं द्विधा स्वभावोक्ति - वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम् [१] ।। '

इस उद्धरण से वक्रोक्ति की महत्ता पर पूर्ण प्रकाश पड़ता है । अनेक आचार्यों ने तो वक्रोक्ति को एक विशिष्ट अलंकार ही मान लिया है । आचार्य कुन्तक ने भी ' वक्रोक्ति जीवितम् ' में अलंकार के महत्व पर प्रकाश डाला है । वास्तव में कुन्तक अभिधावादी आचार्य थे । ' वक्रोक्ति जीवितम् ' के तृतीय उन्मेष में उन्होंने ' वाक्यवक्रता ' का विशद विवेचन किया है । इसी ' वाक्यवक्रता ' से उन्होंने अलंकारों की विवेचना की है। प्राचीन संस्कृत काव्यशास्त्रीय परंपराओं का अध्ययन करने से ऐसा प्रतीत होता है कि रसवादियों को छोड़कर अन्य सम्प्रदायवादियों में ध्वनि एवं वक्रोक्ति सम्प्रदाय के अनुयायियों ने भी काव्य में अलंकार की अनिवार्यता प्रतिपादित की है ।

ध्वनिवादी आचार्यों द्वारा अलंकारों की महत्ता पर प्रतिपादन :

' अलंकार और ध्वनि ' की मीमांसा करते हुए पं० बलदेव उपाध्याय ने अपना अभिमत व्यक्त किया है कि ' रुय्यक की स्पष्ट समीक्षा है कि भामह तथा उद्भट प्रभृति अलंकारवादी आचार्यों ने प्रतीयमान (व्यंग्य) अर्थ को वाच्य का सहायक मानकर उसे अलंकार के भीतर ही अंतर्भुक्त किया है । [२] ' अलंकार सर्वस्व ' में इस संदर्भ की विशद विवेचना की गई है । ३. अलंकारवादी रुद्रट को व्यंग्य का सिद्धान्त सर्वथा मान्य था तथा काव्य में प्रतीयमान अर्थ की विवेचना करने के लिए उन्होंने ' भाव ' नामक नव एक नवीन अलंकार की कल्पना की थी ।

---

१. काव्यादर्श - दण्डी ।।२।।३६३।।
२. भारतीय साहित्यशास्त्र : पं० बलदेव उपाध्याय : पृष्ठ २७ :सं० २००७ .
३. अलंकार सर्वस्व : रुय्यक : पृष्ठ ३ .

ध्वनिवादी आचार्य मम्मट के -

'काव्यप्रकाश' में अलंकारों के महत्व का प्रतिपादन :

आचार्य मम्मट ने 'काव्यप्रकाश' के नवम् एवं दशम् उल्लास में अलंकार के विषय में विचार किया है। इस ग्रंथ में शब्दालंकारों एवं अर्थालंकारों की अलग अलग विशद विवेचना की गई है। अलंकारों के शास्त्रीय रूप की मीमांसा करते हुए आचार्य मम्मट ने 'अलंकार का लक्षण,' 'अलंकारों के विभाजक तत्व,' 'अलंकारों की संख्या' आदि की विवेचना की है। अलंकार के तात्त्विक स्वरूप का विवेचन करते हुए आचार्य मम्मट ने लिखा है कि -

'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित् ।
हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः ॥' [१]

इस सूत्र में अलंकारों के तात्त्विक स्वरूप की विवेचना करते हुए उनके लक्षणों पर विचार किया गया है। साहित्यदर्पणकार ने भी अलंकार के स्वरूप का विवेचन इसी प्रकार किया है -

'शब्दार्थयोरस्थिराः ये धर्माश्शोभातिशायिनः ।
रसादीनुपकुर्वन्तोऽलङ्कारास्तेऽङ्गदादिवत् ॥' [२]

ध्वनिवादी सम्प्रदाय के अनुयायी अलंकारों को काव्य का अस्थिर धर्म मानते हैं। अन्य सम्प्रदायवादी इस सिद्धान्त को स्वीकार करने के पक्ष में नहीं हैं। अलंकार सम्प्रदायवादी अलंकार को काव्य का स्थिर धर्म मानते हैं।

काव्य प्रकाश में अलंकारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। काव्य प्रकाश में ६१ अर्थालंकारों की विवेचना हुई है। इसमें उपमालंकार भी है। इस ग्रंथ में सूत्र - १२५ में 'उपमा' का लक्षण इस प्रकार दिया है -

'साधर्म्यमुपमा भेदे ।' [३]

---

१. काव्यप्रकाश : आचार्य मम्मट ॥ सूत्र ८८ ॥

२. साहित्य दर्पण: आचार्य विश्वनाथ । १०।।१।।

३. काव्यप्रकाश : आचार्य मम्मट ॥ सूत्र-१२५।।भाष्यकार-आचार्य विश्वेश्वर.

इस सूत्र का विश्लेषण काव्यप्रकाश में इस प्रकार किया गया है -

> "उपमानोपमेययोरेव न तु कार्यकारणादिकयोः
> साधर्म्यं भवतीति तयोरेव समानेन धर्मेण सम्बन्ध उपमा।"[1]

स्पष्ट है कि उपमा में "उपमान" और "उपमेय" का साधर्म्य होता है। कार्यकारण का समान धर्म से कोई सम्बन्ध नहीं होता। अतएव उपमान और उपमेय का समानधर्म से सम्बन्ध ही उपमा है। काव्यप्रकाश के रचयिता ने "उपमा" के अनिवार्य अंगों में उपमान, उपमेय, साधारण धर्म और उपमावाचक "इव" आदि का निर्देश किया है।

आचार्य मम्मट ने उपमालंकार की विवेचना करते हुए उपमान एवं उपमेय आदि की व्याख्या करने के लिए आलंकारिक उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं। इस प्रसंग में "पूर्णोपमा" का एक उद्धरण प्रस्तुत है जिससे "उपमान" के तात्विक रूप का अनुमान किया जा सकता है -

> "तेन तुल्यं मुखमिति स्यादावुपमेये एव
> तत्तुल्यमस्य इत्यादौ चोपमाने एव इदं च तच्च
> तुल्यमित्युभयत्रापि तुल्यादिशब्दानां विश्रान्तिरिति
> साम्यपर्यालोचनया तुल्यताप्रतीतिरिति -
> साधर्म्यस्यार्थत्वात्तुल्यादिशब्दोपादाने आर्थी,
> तद्वत् "तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिरि"त्यनेन विहितस्यवतेः स्थितौ।"[2]

उपर्युक्त उद्धरण में "तेन तुल्यं मुखम्" उपमेय तथा "तत्तुल्यमस्य" में उपमान है। इस प्रकार ध्वनिवादी आचार्यों ने भी अलंकार के महत्व का प्रतिपादन किया है।

---

1. काव्यप्रकाश - आचार्य मम्मट ।।मीमांसा-सूत्र-१२५।।भाष्यकार- आचार्य विश्वेश्वर
2. काव्यप्रकाश - आचार्य मम्मट (भाष्यकार - डा० सत्यव्रतसिंह) पृष्ठ ४४६.

१.३. उपमानों के अध्ययन का महत्व :

प्राचीन काव्यशास्त्रियों ने ` उपमान ` का महत्व स्वीकार किया है। कुछ विद्वानों का विचार है, कि ` उपमानों ` का प्रयोग उस समय से आरम्भ होता है जब कोई जाति सभ्यता एवं ज्ञान के शिखर पर पहुँच जाती है। इस प्रकार उपमानों का प्रयोग जाति की कलात्मकता एवं कतिपय अंशों में कृत्रिमता को घोतित करती है। किन्तु इस प्रकार के विचारों को सर्वमान्य एवं प्रामाणिक नहीं माना जा सकता। प्राचीनकाल में भी तुलना के लिये उपमानों का प्रयोग होता था। किसी वस्तु को सजीव रूप में प्रस्तुत करने के लिए ऐसे आलंकारिक उपकरणों का संचयन किया जाता था कि उस वस्तु विशेष का यथार्थ सौन्दर्य अभिव्यक्त हो सके। इसी दृष्टि को ध्यान में रखकर प्राचीन काव्यशास्त्रियों ने ` साधर्म्यविधान ` की कल्पना की थी। वर्तमान युग में भी इस आलंकारिक उपकरण का उतना ही महत्व है जितना प्राचीन काल में था।

` साधर्म्यविधान ` की कल्पना सीमित नहीं है अपितु लोक जीवन एवं सांस्कृतिक परम्पराओं में भी उसे व्यापकता एवं मान्यता मिली है। भारत के किसी अंचल के लोकगीत एवं लोकगाथाएं इस तथ्य का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। लोक काव्य में साधर्म्य विधान पूर्णतः समरस हो गया था। आंतरिक भावों की अभिव्यक्ति एवं वस्तुविशेष के यथार्थरूप के चित्रण के लिए अनजाने ही ऐसे उपमानों की आयोजना हो जाती थी जो आंतरिक भावनाओं के सौन्दर्य की अभिव्यक्ति तो करते ही थे, साथ ही तुलनात्मक विधि द्वारा किसी भी वस्तुविशेष का यथार्थ चित्रण भी प्रस्तुत करते थे।

वैदिक काल में तो अलंकारों के प्रयोग का प्रचलन था। वैदिक संस्कार में मंत्रों में अलंकार का प्रयोग किया गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि मंत्रों में अधिक शक्ति एवं प्रभविष्णुता आ गई है। वास्तव में अलंकार का प्रयोग परम्परापालन सा हो गया था। जिस अभिव्यंजना में अलंकार का अभाव होता था, उसमें न तो वेगशीलता ही अधिक होती थी और न उसका प्रभाव ही पूर्ण रूप से पड़ता था। अलंकारों में उपमा, रूपक और यमक अलंकार का प्रयोग सर्वाधिक होता है। प्राचीन काव्य में आंतरिक भावों को प्रभावशाली करने एवं उसके काव्यात्मक

माधुर्य को बढ़ाने के लिए उपमालंकार का प्रयोग ही अधिक हुआ है । वैदिक काल में शैलीगत अलंकारों के रूप में उपमा का प्रयोग हुआ है । श्री जे० गोंडा ने भी इस तथ्य को स्वीकार करते हुए लिखा है कि " मेरे मत में यह विचार व्यक्त करने के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं कि प्राचीनतम भारतीय साहित्य में उपमा अलंकार शैलीगत ही है और इसके द्वारा कथन को प्रभावशाली बनाया जा सकता है । वास्तव में कथन को प्रभावशाली बनाने के लिए ही उपमान का प्रयोग आरम्भ में किया गया होगा ।" १. आरम्भ में संस्कृताचार्यों ने " उपमा " के महत्व का प्रतिपादन नहीं किया । किन्तु काव्यशास्त्रियों ने उपमा के महत्व को समझा था और भरत मुनि, आचार्य मम्मट, आचार्य वामन, आचार्य दण्डी, आचार्य विश्वनाथ एवं पंडितराज जगन्नाथ ने उपमा के शास्त्रीय रूप की विशद विवेचना भी की।

काव्यशास्त्रियों ने उपमालंकार की गणना अर्थालंकार के अंतर्गत की है । पश्चिमी आचार्यों एवं काव्य मर्मज्ञों ने सभ्यता एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में उपमा की शास्त्रीयता का विवेचन किया है। पश्चिमी विद्वान आर्नेल्ड हीरज़ेल ने सर्व प्रथम ऋग्वेद के सूत्रों में निबद्ध उपमाओं का अध्ययन किया था । श्रीमती रीजडेविड्स ने भी पालि साहित्य के उपमानों का अध्ययन किया है । आपका मत है कि उपमानों के अध्ययन - अनुशीलन से किसी भी जाति विशेष की सभ्यता एवं संस्कृति का अध्ययन किया जा सकता है । मानवीय जीवन ने जिस रूप में विकास किया है, उसका अध्ययन भी उपमानों के अध्ययन के द्वारा किया जा सकता है ।

मानव जिस समाज में रहता है, उस समाज की सभ्यता एवं संस्कृति का प्रभाव उसके जीवन के प्रत्येक विधान पर पड़ता है । उसकी नैतिक एवं सामाजिक वृत्तियों का विकास भी समाज की सांस्कृतिक परम्पराओं के आधार पर होता है । अतएव यह निश्चित है कि सभ्यता एवं संस्कृति मानव जीवन के प्रत्येक विधान को प्रभावित करती है और यही सांस्कृतिक परम्पराएं साहित्य के विविध रूपों में अभिव्यक्त होने लगती हैं । उपमानों के माध्यम से उन सांस्कृतिक मूल्यों एवं परम्पराओं का अध्ययन सहज रूप से किया जा सकता है ।

---

१. Remarks on similes in Sanskrit literature : by J. Gonda : Page : 38.

पश्चिमी विद्वान ओल्डेनबर्ग ने भी ऋग्वेद के उपमानों का व्याकरण सम्बन्धी अध्ययन किया था। ओल्डेनबर्ग के अध्ययन-अनुशीलन की प्रणाली 'धार्मिक इतिहास' की थी अतएव वे सांस्कृतिक परम्पराओं का दिग्दर्शन नहीं करा सके। इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि उपमानों के अध्ययन के द्वारा 'धार्मिक परम्पराओं' का अनुशीलन तो किया ही जा सकता है, साथही सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मूल्यों का सर्वेक्षण भी किया जा सकता है।

'उपमानों' के अध्ययन एवं अनुशीलन से इस तथ्य का भी आभास होता है कि जब अभिव्यक्ति अस्पष्ट होती है तब उपमानों के माध्यम से उसे स्पष्टतर एवं स्पष्टतम बनाया जा सकता है। उपमानों के प्रयोग से काव्याभिव्यंजना में अधिक स्पष्टता एवं बोधगम्यता आ जाती है और सामान्य पाठक भी गूढ़ से गूढ़ विचारों एवं भावों को सहजरूप में आत्मसात कर सकता है।

'उपमानों के प्रयोग' का ऐतिहासिक सर्वेक्षण करने पर यह प्रमाणित होता है कि अति प्राचीन काल अथवा आदि काल में मनुष्यजाति सामान्य रूप से वाग्विस्तार पसन्द करती थी। यही कारण है कि लोक गीतों एवं लोक कथाओं में प्राय: पुनरुक्ति के दर्शन होते हैं। प्राचीनकाल में मनुष्य प्राय: व्याख्यात्मक शब्दों एवं उदाहरणों का भी प्रयोग करते थे। उनके लिए प्रत्यक्ष एवं चित्रात्मक रूपों का मूल्य अधिक होता था। 'उपमान' इन चित्रात्मक रूपों को अधिक प्रभावोत्पादक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। परवर्तीकाल में संस्कृत तथा हिन्दी काव्य में भी उपमानों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में किया गया है। इससे अभिव्यंजना में स्पष्टता, बोधगम्यता एवं सहज चित्रात्मकता आ गई है।

'उपमानों' का प्रयोग मनोवैज्ञानिक कारणों से भी किया जाता है। कभी कभी व्यक्ति की विशिष्ट मनोदशा का चित्रण करने के लिए उपमान का आश्रय लिया जाता है। राग और विराग, विरह और संयोग एवं दु:ख तथा सुख की भावदशाओं का चित्रण उपमानों के माध्यम से अधिक सहज एवं सजीव हो उठता है। ऐसे समय में जिन भावदशाओं का चित्रण किया जाता है, उनके प्रति रचनाकार सचेत होता है और वह ऐसे उपमानों की आयोजना करता है जो उन विशिष्ट भावदशाओं को यथार्थ रूप में प्रकट कर सकें।

उपमान-प्रयोग संस्कृति एवं सभ्यता की जातिगत एवं समाजगत विशिष्टताओं पर भी आश्रित रहता है। किसी विशिष्ट सांस्कृतिक परम्परा के चित्रण के लिए विशिष्ट उपमानों का प्रयोग किया जाता है। इससे उस विशिष्ट समाज की सांस्कृतिक परम्पराओं का पूर्ण बोध होता है

कभी कभी उपमान एवं उपमेय को बिम्ब प्रतिबिम्ब रूप में व्यक्त किया जाता है। ऐसे समय उपमान और उपमेय में धर्म-साम्य होता है तथा इनका साधर्म्यविधान एक ही होता है। संस्कृत काव्य में उपमान-प्रयोग का उद्देश्य यही था। हिन्दी कवियों ने भी इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर उपमानों की आयोजना की है तथा काव्याभिव्यंजन को शिल्पगत अलंकृति प्रदान की है।

उपमानों का क्षेत्र अधिक व्यापक है। 'साधर्म्य विधान' अथवा 'सादृश्य विधान' के द्वारा रचनाकार सम्पूर्ण सृष्टि को कल्पना का मनोरम परिक्षेत्र मान लेता है और वह दृश्य सत्य से ही अनेक रूपों में उपमानों का संचयन करता है। इन उपमानों के प्रयोग द्वारा कवि अपनी कल्पना को साकार रूप प्रदान करता है और उनका प्रयोग इस रूप में करता है कि वे सार्वजनीन एवं अधिक व्यापक हो सकें। इस प्रकार साधर्म्यविधान अथवा सादृश्य विधान कीप्रक्रिया व्यापक हो जातीहै। भावग्रहण एवं भाव प्रकाशन में इन उपमानों का प्रयोग अधिकाधिक होने लगता है। परिणामत: ये उपमान रूढ़ हो जाते हैं। भावों के अनत्व के आधार पर उपमानों का चयन किया जाता है। डा० ब्रम्हानन्द शर्मा ने उपमानों के क्षेत्र का निरूपण करते हुए अपना मत प्रतिपादित किया है कि "कतिपय उपमान कविपरम्परानुसार किसी अर्थ में रूढ़ हो जाते हैं। इनके श्रवणमात्र से पाठक को अभीष्ट अर्थ की अनुभूति हो जाती है। कवि अपने भावों की अभिव्यक्ति के लिए इनका आश्रय लेता है। कमल, कोकिल स्वर आदि क्रमश: मुख, मधुर संगीत आदि के उपमान के अर्थ में रूढ़ हो गये हैं। इनके प्रयोग से पाठक को मुख के सौन्दर्य तथा संगीत के माधुर्य की अनुभूति सहज ही हो जाती है। अत: उक्त भावों की अभिव्यक्ति के लिए कवि बिना प्रयत्न केही इनका चयन कर लेता है। इस प्रकार की रूढ़ियां कवि की भावाभिव्यक्ति तथा पाठक की भावनुभूति में सरलता लाती हैं।"[1]

---

१. संस्कृत साहित्य में सादृश्यमूलक अलंकारों का विकास : डा० ब्रम्हानन्द शर्मा: पृष्ठ ११७ : १९६४.

कभी कभी अनेक प्रकार के भावों का उदय एक साथ होता है और उनकी अभिव्यक्ति भी संश्लिष्ट रूपों में होती है। ऐसी स्थिति में ऐसे उपमानों का चयन किया जाता है जिनमें सम्पूर्ण भावों को अभिव्यक्त करने की क्षमता होती है। पारस्परिक सम्बन्धों के निदर्शन केलिए भी उपमानों का प्रयोग किया जाता है। उपमान संसृति के सम्पूर्ण उपकरणों को अधिक घने एवं संश्लिष्ट रूप में प्रकट करते हैं। इसी संश्लिष्टता के कारण भावों में एकसूत्रता और उपमानों में संश्लिष्टता आ जाती है।

इस प्रकार, काव्य में उपमान-योजना का अत्यधिक महत्व है। काव्य में भावाभिव्यंजना के अवसर पर उपमानों के द्वारा ही भावों को प्रभविष्णु और काव्यवस्तु को सरलीकृत कर सर्वग्राह्य बनाया जाता है। उपमान का लक्ष्य ही साधारण धर्म की प्रतीति कराना होता है। अतएव इनके प्रयोग से काव्य में सहज स्वाभाविकता आ जाती है। संस्कृत काव्य में उपमानों की अत्यधिक सुन्दर एवं प्रांजल आयोजना हुई है। हिन्दी के भक्तिकाल के कवियों ने भी भावाभिव्यंजना को अधिक व्यापक एवं प्रभविष्णु बनाने के लिए उपमानों का प्रयोग किया है। वास्तव में उपमान ही काव्याभिव्यंजना की अलंकृति, सादृश्य योजना का विधान एवं साधर्म्य विधान का परिवेश है।

२. रामचरितमानस में प्रयुक्त उपमानों का साहित्यिक अध्ययन .

२. १. उपमानों के स्रोत :

अभिव्यक्ति को रमणीय तथा सबल बनाने के लिए उपमानों का प्रयोग किया जाता है । उदाहरणार्थ यदि मुख का चन्द्र से साम्य दिखलाया जाय तो चन्द्र मुख का उपमान है । जब कविगण परम्परागत उपमानों का काव्य में प्रयोग करते हैं तो ये रूढ़ हो जाते हैं किन्तु जब वे नूतन उपमानों की खोज कर, अप्रस्तुत विधान करते हैं, तो ये उपमान ' मौलिक ' या ' अरूढ़ ' होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने रामचरित मानस में दोनों प्रकार के उपमानों का प्रयोग किया है। तुलसी की अलंकार योजना के ये ही दो मुख्य स्रोत हैं - अर्थात् :-

(१) रूढ़िगत उपमान - जिनका परम्परा से प्रयोग होता आया था ।

(२) अरूढ़िगत - जिनका तुलसी ने स्वयं मौलिक ढंग से प्रयोग किया है । यथा लोक भाषा, लोक मुहावरों एवं जन जीवन एवं प्रकृति से गृहीत शब्दों का मौलिक रूप में उपमान के रूप में प्रयोग किया है ।

(१) रूढ़िगत उपमान :- मुख के लिए चन्द्र और कमल, आंखों के लिए खंजन, दांतों के लिए मोती, अनार, बिजली और कुन्दकली, नासिका के लिए शुक, बालों के लिए सर्प और मेघ, जंघाओं के लिए कदली स्तम्भ आदि उपमान काव्य में रूढ़ से बन गए हैं । इसके अतिरिक्त वेग के लिए पवन एवं तेज, प्रताप एवं कान्ति के लिए सूर्य का प्रयोग भी परम्परागत है । इन्हीं परम्परागत उपमानों का तुलसी साहित्य में भी प्रयोग हुआ है । यथा :

मुख के लिए चन्द्र एवं कमल का प्रयोग :

मए मगन देखत मुख सोभा, जनु चकोर पूरन ससि लोभा ।। १।२०।२०४.

सिय मुख ससि भए नयन चकोरा - १।६।२२४ .

रामचंद्र मुख चंद चकोरा - २।१६।२२७ .

मुख सरोज मकरंद छबि, करइ मधुप इव पान । १।१२।११५ .

गिरा अलिनि मुख पंकज रोकी - १।३।१२८.

प्रभु मुख कमल बिलोकत रहहीं । - ७।४।५०४ .

आंखों के लिए खंजन का प्रयोग :

खंजन मंजु तिरीछे नयननि ।
निज पति कहेउ तिन्हहिं सिय सयननि ।। २।११५।२२८.

दांतों के लिए मोती, अनार, बिजली का प्रयोग :

कुंद कली दाड़िम दामिनी । कमल सरद ससि अहि भामिनी ।
३।१७।३४२.
आदि ।

तुलसी ने अनेक ऐसे उपमानों का प्रयोग किया है जो ` नाना पुराण निगमागम` में प्रयुक्त हुए हैं । कहीं कहीं तो ये उपमान अनूदित रूप में आए हैं उदाहरण स्वरूप रामचरित मानस में ` वर्षा ` एवं शरद् वर्णन श्रीमद्भागवत से अनूदित किये गये हैं । इन वर्णनों में अप्रस्तुत रूप में प्राय: वही उपमान आए हैं जो श्रीमद्भागवत में आए हैं ।

यथा :-

वर्षा वर्णन :

बरषा काल मेघ नभ छाए, गरजत लागत परम सुहाए
रा० मा० ३।६।३६१ .

तत: प्रावर्तत प्रावृट् सर्वसत्वसमुद्भवा ।
विद्योतमान परिधि विस्फूर्जित नभस्तला ।।
श्रीमद्० भा० १०।२०।३

- - -

लछिमन देखु मोरगन, नाचत बारिद पेखि ।
गृही बिरति रत हरष जस बिष्नु भगत कहुं देखि ।।
रामचरित० ३।७-८।३६१

मेघागमोत्सवा हृष्टा: प्रत्यनन्दञ्छिखण्डिन: ।
गृहेषु तप्ता निर्विण्णा यथाच्युत जनागमे ।।
श्री मद्० भा० १०।२०।२० .

- - -

घन घमंड नभ गर्जत घोरा । प्रियाहीन डरपत मन मोरा

रा० मा० ३।१३।३६१

तडित्वन्तो महामेघाश्चराश्वसनवेपिताः ।
प्रीणनं जीवनं ह्यस्य मुमुचुः करुणा इव ॥

श्रीमद्० भा० १०।२०।६

- - - -

दामिनि दमक रहन घन माहीं । खल कै प्रीति जथा थिर नाहीं

रा० मा० ३।१०।३६१

मेघेषु
लोकबन्धुषु ^ विद्युतश्चल सौहृदाः
स्थैर्यं न चक्रुः कामिन्यः पुरुषेषु गुणिष्विव

श्रीमद्० भा० १०।२०।१७ .

- - - -

बरषहिं जलद भूमि निअराए । जथा नवहिं बुध बिद्या पाए

रा० मा० ३।११।३६१

व्यमुञ्चन वायुभिर्नुन्नाः भूतेभ्योऽथामृतं घनाः ।
यथाऽऽशिषो विश्पतयः काले काले द्विजेरिताः ॥

श्रीमद्० भा० १०।२०।२४

- - - -

बुंद अघात सहहिं गिरि कैसे, खल के बचन सन्त सह जैसे ।

रा० मा० ३।१२।३६१

गिरयो वर्षधाराभिर्हन्यमाना न विव्यथुः ।
अभिभूयमाना व्यसनैर्यथा धोक्षजचेतसः ॥

श्रीमद्० भा० १०।२०।१५

छुद्र नदी भरी चली तोराई । जस थोरेहु धन खल इतराई ।।

रा० मा० : ३।१३।३६२

आसन्नुत्पथवाहिन्यः क्षुद्रनद्योऽनुशुष्यतीः
पुंसो यथा स्वतंत्रस्य देहद्रविणसम्पदः ।।

श्रीमद्० भा० १०।२०।१०

- - - -

सरिता जल जलनिधि महुं जाई । होइ अचल जिमि जिव हरि पाई ।।

रा० मा० : ३।१६।३६२

सरिद्भिः सङ्गतः सिन्धुश्चक्षुभे श्वसनोर्मिमान् ।
अपक्वयोगिनाश्चित्तं कामाक्तं गुणयुग्यथा ।।

श्रीमद्० भा० : १०।२०।१४

- - - -

हरित भुमि तृन संकुल समुझि परहिं नहिं पंथ ।
जिमि पाखंड बाद तें गुप्त होहिं सदग्रंथ ।।

रा० मा० : ३।१७-१८।३६२

मार्गा बभूवुः सन्दिग्धास्तृणैश्छन्ना ह्यसंस्कृताः ।
नाभ्यस्यमानाः श्रुतयो द्विजैः कालहता इव ।।

श्रीमद्० भा० : १०।२०।१६

- - - -

दादुर धुनि चहुं दिसा सुहाई । बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई ।

रा० मा० : ३।२३।३६१

श्रुत्वा पर्जन्यनिनदं मण्डूका व्यसृजन गिरः ।
तुष्णीं शयानाः प्राग् यद्वद् ब्राह्मणा नियमात्यये ।।

श्रीमद्० भा० : १०।२०।६

- - - -

ससि सम्पन्न सोह महि कैसी । उपकारी के संपति जैसी ।।

रा० मा० : ३।१।३६२

तप: कृशा देवमीढा आसीद्वर्षीयसी मही।
यथैव काम्यतपसस्तनु: सम्प्राप्य तत्फलम् ।।

श्रीमद्० भा० १०।२०।७

- - - -

निसि तम घन खद्योत बिराजा । जनु दम्भिन्ह कर मिला समाजा ।।

रा० मा० ३। २। ३६२

निशामुखेषु खद्योतास्तमसा भान्ति न ग्रहा : ।
यथा पापेन पाखण्डा न हि वेदा: कलौ युगे ।।

श्रीमद्० भा० १०।२०।८

- - - -

इसी प्रकार ' शरद वर्णन ' की कुछ पंक्तियां भी प्रस्तुत की जा सकती हैं :-

रस रस सूख सरित सर पानी । ममता त्याग करहिं जिमि ग्यानी ।

रा० मा० ३।१७।३६२

जल संकोच बिकल भई मीना । अबुध कुटुंबी जिमि धनहीना ।
बिनु घन निर्मल सोह अकासा । हरिजन इव परिहरि सब आसा ।।

रा० मा० ३।२०।३६२

शनै: शनैर्जहु: पङ्कं स्थलान्यामं च वीरुध:
यथाहं ममतां धीरा: शरीरादिष्वनात्मसु : ।। श्रीमद्० भा० १०।२०।३६
गाधवारि चरास्तापमविन्दन् शरदर्कजम् ।
यथा दरिद्र: कृपण: कुटुम्ब्यविजितेन्द्रिय: ।। श्रीमद्० भा० १०।२०।३८

सर्वस्वं जलदा हित्वा विरेजु: शुभ्रवर्चस: ।
यथा त्यक्तैषणा: शान्ता: मुनयो मुक्तकिल्विषा: ।।

श्रीमद्० भा० १०।२०।३५

(२) अरूढ़ि या मौलिक उपमान :

जहां तुलसीदास ने रूढ़िगत उपमानों से उपमेय की श्रीवृद्धि की है, वहीं अनुभव एवं प्रत्यक्ष दर्शन के सहारे, परम्परामुक्त या मौलिक उपमानों का भी उन्होंने प्रयोग किया है। कतिपय उदाहरण देखिये -

फलका फलकत पायन्ह कैसें। पंकज कोस ओस कन जैसें।।
२।८।२६६

यहां पैरों के छिल जाने से बीच बीच में निकले हुए फफोलों का सादृश्य कमल कोष में पड़े ओस कणों से दिखाया है जो अत्यंत स्वाभाविक होने के साथ ही मौलिक भी है।

गोस्वामी जी ने अपने अलंकार विधान को लोक जीवन एवं प्राकृतिक दृश्यों से भी चुना है। यथा :-

घायल बीर बिराजहिं कैसे। कुसमित किंसुक के तरु जैसे।
६।५।४३४

यहां घायल वीरों की उपमा ढाक के फूलों से दी गयी है।

तुलसीदास जी ने लोक मुहावरों को भी उपमान रूप में प्रयोग कर अपनी लोक संस्कृति के प्रति आस्था के साथ-साथ मौलिकता का भी परिचय दिया है। जब वनवास से पूर्व रामचन्द्र जी दशरथ से मिले थे, तब बड़ी देर तक वे उन्हें देखते ही रह गए थे और बहुत सी बातें सोचते जाते थे। तुलसीदास जी ने मन की दशा की तुलना 'पीपल के पत्ते के डोलने' से की है

अस मन गुनइ राउ नहिं बोला। पीपर पात सरिस मनु डोला।।
२।१०।१६८

नीचे रामचरितमानस में प्रयुक्त कतिपय अकृत्रिम उपमानों की तालिका
प्रस्तुत की जा रही है :-

उपमान		उपमान	
माखी	१। ८।४	हुलसी	१।११।२०
बवां	१। ३।८२	अरुनारी	१। ३।९९
बाज	१।११।१३२	चबेना	२। ३।१५२
उकठ कुकाठु	२।११।१८७	छुरी	२। ७।१८८
लावा	२।१२।१९१	तरुतालु	२।१४।१९१
डाबर	२।११।२०४	ओरे	२।१६।२४१
गेरुपनारे	२। ६।२४४	ओसकन	२। ८।२६६
सुबेलि	२।१९।२८३	गंग गौरि	२। १।२८४ एवं २। २।२८४
जुवारिहि	२।१५।२८९	पनसफल	३।१०।३२६
अंकुस	३। १।३३८	ताबी	३।१२।३४७
पन्चर जुवा	३।१३।३४७	धनहीना	४।२०।३६१
संतोषा	४।१५।३६२	नारी	४। ३।३६२
सड़सिन्ह	६।१५।४१६	मेढुकन्हि	६। ४।४१७
मूलक	६।२१।४१७	टिटिभसगुन	६। ३।४२७
कुसुमित किंसुक	६। ५।४३४	मेघ बरुथा	६। ६।४४४
मघामेघ	६। २।४४६	घनघटा	६।१८।४५७
बनसी	६।१७।४५८	रायमुनि	६।२१।४७१
मसक	७। ९।५०७	हरहा हैं	७। ८।५११
लवन	७। १।५३५	अंब	७।१२।५४३
अहीर	७। २।५५८	नहरुवा	७।१७।५६२
डमरुवा	७।१७।५६२		

२.२ रामचरितमानस के उपमानों का वर्गीकरण

- प्राणिवाची
  - देवतावाची
    - कामदेव
    - शिव
  - अदेवतावाची
    - मानववाची
      - मानव शरीर अंग
        - नेत्र
      - मानवजाति
        - भील
      - मानव गुण
        - दुष्ट
    - अमानववाची
      - पशुवाची
        - १.कामधेनु
        - २.हाथी
      - पक्षिवाची
        - १.उलूक
        - २.कौवा
        - ३.हंस
        - ४.चकोर
- अप्राणिवाची
  - प्रकृति विषयक
    - वनस्पतिवाची
      - १.वृक्ष - कल्पवृक्ष
      - २.पुष्प
        - कमल
    - वनस्पतीतर
      - आकाश सम्बन्धी
        - १. आकाश
        - २. उडगन
        - ३. चन्द्रमा
        - ४. बादल
        - ५. सूर्य
      - आकाशेतर
        - जलवाची
          - १. सागर
          - २. सरोवर
          - ३. नदी
          - ४. गंगा
          - ५. जल
        - जलेतर
          - पर्वत
          - वायु
          - अग्नि
  - प्रकृति से इतर
    - पदार्थ
      - १.अमृत
      - २.ईंधन
      - ३.घी
      - ४.फरसा
    - गुण
      - बल
    - अवस्था
      - काल

२. ३ रामचरितमानस में उपमानों की दिशाएं

रामचरितमानस में " भावभेद " और " रस भेद अपारा " के साथ सा " आखर अरथ अलंकृति नाना " का भी योग है । मानस के अलंकारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये स्वाभाविक सौन्दर्य के उत्कर्ष में सहायक होते हैं तथा ये वर्ण्य भाव, कार्य विषय और अर्थ के सौष्ठव की अभिवृद्धि करते हैं । गो० तुलसी दास जी की अलंकार योजना अत्यंत स्वाभाविक और औचित्यपूर्ण है । उन्होंने उपमानों का प्रयोग कहीं उपमेय से साम्य दिखलाने के लिए ; कहीं विरोध दिखाकर चमत्कार पूर्ण प्रकाशन करने के लिए तथा कहीं कार्य-कारण-सम्बन्ध के स्पष्टीकरण के लिए किया है इस प्रकार तुलसीदास जी के उपमानों के प्रयोग की विभिन्न दिशाएं रही हैं । नीचे इसकी विवेचना की जा रही है । यहां यह उल्लेखनीय है कि तुलसी ने उपमानों का प्रयोग मुख्यतया उपमा, उत्प्रेक्षा एवं रूपक अलंकारों के रूप में किया है :-

(१) उपमा :

जहां कवि, अपने भावों को स्पष्ट करने या उसे उत्कर्ष प्रदान करने के लिए दो भिन्न भिन्न पदार्थों के मध्य सादृश्य , सामर्थ्य और प्रभाव साम्य की आयोजना करता है, वहां उपमा अलंकार देखा जाता है । यह अलंकार ही प्राय: अन्य सभी अलंकारों का मूल है । संस्कृत के आचार्य राजशेखर उपमा को अलंकार समुदाय का सर्वश्रेष्ठ रत्न मानते हैं ।[१]

आचार्य रुय्यक का मत है कि उपमा ही अनेक अलंकारों के मूल में होती है और वही विभिन्न स्थितियों में विभिन्न अलंकारों की संज्ञा से विभूषित की जाती है ।[२] अति प्राचीन भारतीय लेखक भी इस अलंकार से परिचित थे । वामन ने अपने

---

१. " अलंकार शिरोरत्नम्! "

२. उपमेव च प्रकार वैचित्र्येण अनेकालंकार बीज भूतेति प्रथमं निर्दिष्टा ।

'काव्यालंकार सूत्र' में कहा है कि प्रशंसा निन्दा या स्तुति तथा वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए उपमालंकार का प्रयोग होता है ।

तुलसी के 'रामचरित्र मानस' में उपमा का अत्यन्त मर्यादित रूप मिलता है । उन्होंने उपमा और उत्प्रेक्षा का भली-भांति सोच समझ कर प्रयोग कि है। रूप सादृश्य के आधार पर प्रस्तुत उपमायें रामचरित मानस में बार बार आयीं हैं ।

यथा :-

'बहुरि बदन बिधु अंचल ढांकी ।
प्रभु तन चितई भौंह करि बांकी ।।'
(बदन के लिए बिधु)
'कुंद कली दाड़िम दामिनी ।
सरद कमल ससि अहि भामिनी ।।'
(दातों के लिए 'कुंदकली,' 'दाड़िम' और 'दामिनि')

साधर्म्य के आधार पर उपमा की आयोजना सूक्ष्म दृष्टि और कर्म-कुशलता की अपेक्षा रखती है । इसमें प्रस्तुत के लिए अप्रस्तुत का विधान गुण के आधार पर किया जाता है । गोस्वामी तुलसीदास इस प्रकार के विधान में अत्यंत दक्ष हैं । इस सम्बन्ध में कुछ चुने हुए उदाहरण नीचे दिये जाते हैं :-

(१) 'मन मलीन तन सुन्दर कैसे ।
विष रस भरा कनक घट जैसे ।।'

इसमें 'मन की मलीनता' और 'विष' के, समान धर्मी होने की बात कही गई है जो अत्यन्त सटीक है ।

(२) 'जोगवहि प्रभु सिय लखनहि कैसे ।
पलक बिलोचन गोलक जैसे ।।'

यहां 'पलक' और 'रामचन्द्र जी' के गुणों की समानता है ।

(३) " विधि केहि भाँति धरहुं उर धीरा ।
सिरस सुमन कन बेंधिय हीरा ।।"

इसमें " सिरस " पुष्प की कोमलता से राम की कोमलता का साम्य दृष्टव्य है ।

(४) " प्रभु अपने नीचहुं आदरहीं ।
अगिनि धूम गिरि सिर तृनधरहीं ।।"

इन पंक्तियों में राम की उदारता व्यंजित हुई है । अग्नि के साथ धुआं और पर्वत के ऊपर तृन की अनिवार्यता में सन्देह नहीं है । दोनों के ही धर्म में यहां समानता देखी जा सकती है । साधर्म्य के आधार पर उचित उपमान प्रस्तुत करने की तुलसी की पटुता इन कुछ उदाहरणों से ही स्पष्ट हो जाती है । कहने की आवश्यकता नहीं कि इस प्रकार के उत्कृष्ट साधर्म्य के उदाहरण हिन्दी साहित्य में अन्यत्र अल्प मात्रा ही में मिल सकते हैं ।

प्रभाव-साम्य के आधार पर प्रयुक्त उपमाएं भी रामचरित मानस में मिलती हैं । किन्तु इनकी मात्रा बहुत कम है । इस प्रकार की उपमाओं की आयोजना में प्रस्तुत और अप्रस्तुत के प्रभाव की समानता को दृष्टि में रखना पड़ता है । इसमें सूक्ष्मातिसूक्ष्म तथ्य को ग्रहण करना पड़ता है । छायावादी कवियों के काव्य में इस प्रकार की उपमाओं का सफल और अधिक प्रयोग सर्वाधिक महत्वपूर्ण है । रामचरित मानस से एक उदाहरण देखिये :-

" भयउ सहमि कछु कहि नहि आवा ।
जनु सचान बन झपटेउ लावा ।।"

अप्रस्तुत का प्रयोग प्रस्तुत में रमणीयता की वृद्धि के लिए किया जाता है । निःसन्देह रामचरित मानसमें इस प्रकार के अप्रस्तुतों की आयोजना प्रचुरमात्रा में हुई है। नीचे रा० मा० में प्रयुक्त उपमाओं की तालिका प्रस्तुत की जा रही है । यहां लाघव के लिए उदाहरण नहीं दिये जा रहे हैं अपितु काण्ड , पंक्ति-संख्या तथा पृष्ठ संख्या के क्रम से अंकों के रूप में उनका निदर्शन कराया जा रहा है :-

१।७। २;

१।१।३ ; १।२३।३ ;

१।२९।३ ; १।२२।३ ;

१।२९।३ ; १।७। ४ ; १।१०।४ ; १।१२।४ ;

१।१२।४ ; १।१२।५ ; १।१२।४ ; १।१३।४ ; १।१४।४ ;

१।२३।४ ; १।२३।४ ; १। ३।४ ; १। ३।७ ; १। ३।७ ;

१। ४।७ ; १। ४।७ ; १। ४।८ ; १।१७।८ ; १।२४।७ ;

१।१५।१२; १।१९।१२; १।२१।१२ ; १।१३।१३ ; १।१३।१३ ;

१।१३।१३ ; १।२०।१३ ; १। ६।१४ ; १। ७।१४ ; १। ९।१४

१। ९।१४ ; १।१०।१४ ; १।१०।१४ ; १।१४।१९ ; १। ९।२० ;

१। ९।२० ; १।१०।२० ; १।११।२० ,: १।१२।२० ; १।१३।२० ;:

१।१३।२० ; १।२५।२० ; १।२६।२० ; १। १।२१ ; १। २।२१ ;

१। ३।२१ ; १। ६।२१ ; १।२३।२२ ; १। ७।२३ ; १।१७।२३ ;

१। ७।२४ ; १। २।२५ ; १।१७।२८ ; १।११।३० ; १।११।३० ;

१।२१।४२ ; १।२१।५७ ; १। ९।५८ ; १।१३।५८ ; १। ५।६१

१। ७।६१ ; १। ८।६१ ; १। ९।६१ ; १।१२।६१ ; १।१२।६२ ;

१।१२।६२ ; १।१९।६३ ; १। १।६४ ; १। १।६५ ; १।१८।६६ ;

१।१८।६६ ; १।१८।६८ ; १।१७।७५ ; १।१३।७६ ; १।१२।८० ;

१। ३।८२ ; १।१६।८२ ; १।१८।८८ ; १।१८।८८ ; १।१८।८८

१।१८।८८ ; १। ९।९९ ; १।१०।१०७,: १।१७।१०७: १।१०।१०९ ;

१।१३।१०९; १।१३।१०९; १।१२।११५; १।१२।११५ ; १।१४।११८ ;

१। ७।१२०; १।१३।१२०; १।१५।१२०; १।१५।१२० ; १।१४।१२४ ;

१।१२।१२५ १।२०।१२६; १।१९।१२७; १।१०।१२८ ; १।२१।१२८

१। ८।१३० ; १।१४।१३० ; १।१४।१३०; १।२०।१३० ; १। ३।१३४;

१। ६।१३५ ; १।१५।१३६ ; १। ३।१३७ १।१३।१३७ ; १।१३।१३७;

१।२२।१४३ ; १।२०।१४७ १।२०।१४७; १।२१।१४८ ; १। ५।१४९;

१।१८।१६३ ; २।१३।१८७; २। ८।१८८; २। ४।१९५ ; २।१७।१९७

२।१०।१९८ ; २।१३।२०० ; २। ८।२०१ ; २। ८।२०६

२। ८।२०६ ; २।२०।२०६ ; २।२०।२०६ ; २।२०।२०६

२। २।२०७ ; २। ३।२०७ ; २। ३।२०७ ; २। ५।२०७

२। ६।२०९ ; २।२१।२१२ ; २।१४।२१४ ; २।१४।२२५

२। १।२३९ ; २। १।२३९ ; २। १।२३९ ; २।१०।२३३

२।१३।२३८ ; २।१५।२३८ ; २।१५।२३८ ; २।१५।२३८

२।१६।२३८ ; २। ७।२३९ ; २। ७।२३९ ; २।१७।२४१

२।२२।२४६ ; २।१५।२४९ ; २। ८।२६६ ; २। ८।२६६

२।१२।२७९ ; २।१७।२८० ; २। २।२८४ ; २। ४।२८६

२।१०।२८६ ; २।१२।२८७ ; २। ६।२८९ ; २।२४।२९२

२।२४।२९२ ; २।१५।२९३, ; २। १।२९५ ; २।१७।२९८

२।२२।२९८ ; २। २।२९९ ; २।१०।३०० ; २।१४।३०७

२। २।३०८ ; २। ६।३०८ ; २।१२।३०८ ; २।२२।३०८

२। ७।३०९ ; २।१६।३१३ ; ३।१२।३२४ ; ३।१२।३२४

३।१२।३२४ ; २। ८।३२८ ; ३।१३।३३३ ; ३। ९।३४१

३।११।३४१ ; ३। ६।३४८ ; ३। ९।३४८ ; ३।११।३४८

३।१४।३४८ ; ३। २।३५० ; ३।१३।३५० ; ३। १।३५१

३। ७।३५२ ; ४। २।३५७ ; ४।२ ।३५७ ; ४। ८।३५७

४। १।३५८ ; ४। १।३५८ ; ४। ८।३६१ ; ४। ८।३६१

४।१०।३६१ ,: ४।११।३६१ ; ४।१२।३६१ ; ४।१२।३६१

४।१३।३६१ ; ४।२०।३६१ ; ४।२०।३६१ ; ४।२१।३६१

४।२१।३६१ ; ४।२१।३६१ ; ४। १।३६२ ; ४।१६।३६२

४।१६।३६२ ; ४।१९।३६२ ; ४।२०।३६२ ; ४।२१।३६२

५।१५।३७५ ; ५।१७।३७६ ; ५।२१।३७६ ; ५।२१।३७६

५।२१।३७६ ; ५। ७।३७८ ; ५।१४।३७९ ; ५।१४।३७९

५।१५।३७९ ; ५।१६।३७९ ; ५। १।३८० ; ५। ४।३९०

५।२४।३९० ; ५। ४।३९४ ; ५।१०।३९५ ; ५।१०।३९५

६।१०।४०८ ; ६। ४।४०९ ; ६। ३।४१० ; ६। ३।४११

६।१४।४१३ ; ६।१८।४१३ ; ६। ८।४१३ ; ४।२१।४१७

६। ५।४१८
६। ७।४२५
६। ८।४३२
६। ८।४४४
६। ९।४५३
६।११।४५६
६। ३।४६१
६। ४।४६४
६। ७।४७६
६।१०।४७८
७।१४।४६५
७।१६।५०६
७। ३।५०७
७। ८।५३०
७। १।५३५
७। २।५३६
७। ६।५३६
७। ९।५३६
७। ७।५५०
७। ४।५५८
७।२१।५६१
७। ४।५६२

६।१८।४१८
६।१४।४२६
६। ५।४३५
६। २।४४७
६। ४।४५७
६।११।४६०
६। ८।४६१
६।२४।४६४
६।१८।४७७
७।१४।४८८
७।१६।५०६
७।१६।५०६
७।१२।५१४
७।१६।५३१
७।२२।५३८
७। ४।५३६
७। ८।५३६
७।११।५३६
७।१५।५५६
७।१६।५५८
७।२२।५६१

६।१६।४२२
६।१६।४३०
६। ५।४४४
६।१३।४४६
६। ४।४५७
६।१८।४६०
६। ८।४६१
६। १।४७४
६।१८।४७७
७।१२।४८६
७।१६।५०६
७। ३।५०७
७।१६।५२७
७। १।५३५
७। १।५३६
७। ५।५३६
७। ८।५३६
७। ७।५४३
७।१४।५५७
७।२०।५६१
७। २।५६२

(२) उत्प्रेक्षा - रामचरितमानस में उत्प्रेक्षा को सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है। उत्प्रेक्षा, रचना में वहां आती है जहां, प्रस्तुत में अप्रस्तुत की मात्र सम्भावना की जाती है। उपमा अलंकार में जो दृश्य-विधान किया जाता है वह सृष्टि का ही कोई-न-कोई अंग होता है, किन्तु उत्प्रेक्षा में यह बात सदा आवश्यक नहीं होती है। इसमें प्रकृति मात्र से संतुष्ट न होकर विभिन्न, एकाधिक प्रकृति खण्डों को समग्र रूप में ग्रहण करना होता है। ये प्रकृति-रूप भावना के उत्कर्ष में सहायक होते हैं। ये उपस्थित दृश्य-विधान को और अधिक स्पष्ट भी करते हैं। संक्षेप में यदि कहना चाहें तो कह सकते हैं कि उपमा में उपमान, उपमेय जैसा ही लिया जा सकता है किन्तु उत्प्रेक्षा में उपमेय की प्रकृति रूप और उसके प्रभाव से पृथक किसी अन्य प्रकार का उपमान भी ग्रहण किया जाता है।

उत्प्रेक्षा के प्रयोग में तुलसीदास अत्यन्त प्रवीण हैं। उनकी उत्प्रेक्षाएं उपमा से पृथक स्पष्ट रूप में दिखाई पड़ती हैं। यही स्पष्टता हिन्दी के अन्य कवियों में या तो गौण है या नहीं के बराबर है। रा०च०मा० में विभिन्न प्रकार की उत्प्रेक्षाएं देखने को मिलती हैं, किन्तु ये सर्वथा सहज रूप में आई हैं। उसके लिए कवि को किसी प्रकार का प्रयास नहीं करना पड़ा है। उत्प्रेक्षा के कतिपय उत्कृष्ट उदाहरण नीचे दिये जाते हैं -

लागति अवध भयावनि भारी।
मानहुं काल राति अंधियारी ।। २।१३।२१४

यहां कवि ने, राम के वियोग में, अवध की भयानक दशा की तुलना कालरात्रि के अंधकार से की है।

इसी प्रकार कैकेयी के कटुवचन की तुलना 'जले पर नमक छिड़कने' से की गई है -

अति कटु बचन कहति कैकेई।
मानहुं लोन जरे पर देई ।। २।५।१६२

रामचरितमानस में कहीं-कहीं तो उपमा एवं उत्प्रेक्षा के

संश्लिष्ट रूप भी उपलब्ध होते हैं। यथा -

जमगन मुंह मसि जग जमुना सी ।
जीवन मुकुति हेतु जनु कासी ॥ १।१०।२०

इन कतिपय उदाहरणों के पश्चात्, अब हम रामचरितमानस में आदि से अन्त तक प्रयुक्त सुन्दर उत्प्रेक्षाओं की तालिका अंकों में प्रस्तुत करेंगे, पहला अंक कांड-द्योतक, दूसरा पंक्ति-द्योतक एवं अन्तिम संख्या पृष्ठ-द्योतक होगी ।

१।१।१२	१।५।९९	१।१३।१५४
१।२१।७०	१।१८।११४	१।२।१५८
१।८।८०	१।१८।११५	१।२२।१६०
१।३।९९	१।२।११६	१।१५।१७१
१।१०।१०४	१।३।१२०	१।२।१७३
१।१६।११४	१।१०।१२०	१।४।१७३
१।१४।११५	१।२४।५८	२।१५।१८१
१।२।११६	१।१६।६८	२।१२।१८४
१।१।१२	१।१०।७६	१।६।१२०
१।१४।७४	१।३।९९	१।२।१२८
१।१।९९	१।१७।१००	१।९।१३०
१।४।९९	१।२३।११४	१।२३।१३०
१।१०।१०४	१।१८।११५	१।१२।१३०
१।१८।११४	१।३।१२०	१।३।१४२
१।१४।११५	१।३।१२०	१।३।१४७
१।२।११६	१।७।१३०	१।१९।१५३
१।५।१२०	१।२३।१३०	१।१३।१५४
१।६।६८	१।९।१३२	१।२४।१५८
१।१४।७४	१।१।१४७	१।११।१६५
१।३।९८	१।२२।१५०	१।१६।१७१

१।२।१७३
१।१३।१७६
२।१५।१८१
२।२२।१८४
१।१९।१२१
१।१९।१२१
१।६।१३०
१।७।१३०
१।९।१३०
१।२०।१३०
१।७।१३१
१।९।१३२
१।१२।१३२
१।१२।१४०
१।२०।१४४
१।८।१५०
१।८।१५०
१।७।१५४
१।८।१५४
१।२५।१५६
१।२।१५८
१।२५।१५९
१।२२।१६०
१।१०।१७१
१।१७।१७१
१।१८।१७१
१।३।१७३
१।४।१७३

१।१३।१७६
१।१२।१८१
२।१२।१८२
२।१२।१८२
२।५।१८६
२।१३।१८९
२।१।१८८
२।९।१८८
२।१२।१८९
२।२२।१८९
२।१०।१९०
२।१०।१९०
२।१०।१९०
२।१४।१९०
२।६।१९१
२।१३।१९१
२।१३।१९१
२।१४।१९१
२।१४।१९१
२।५।१९२
२।५।१९२
२।८।१९२
२।८।१९३
२।८।१९३
२।१५।१९३
२।२।१९४
२।३।१९४
२।२०।१९४

२।२१।१९४
२।१।१९५
२।११।१९५
२।११।१९५
२।१३।१९५
२।१३।१९५
२।४।१९६
२।४।१९६
२।५।१९६
२।६।१९६
२।१०।१९६
२।१६।१९६
२।१७।१९६
२।१८।१९६
२।२३।१९७
२।२३।१९७
२।२३।१९८
२।२।१९९
२।२४।२००
२।५।२०१
२।१४।२०१
२।२२।२०१
२।८।२०२
२।२।२०४
२।१९।२०८
२।१९।२०८
२।२५।२०९
२।२५।२०९

२।१२।२११
२।१२।२११
२।१३।२११
२।१५।२१२
२।१५।२१२
२।१५।२१४
२।१५।२१४
२।१५।२१४
२।२३।२१५
२।२३।२१५
२।८।२११
३।२।२२१
२।३।२२१
२।८।२२१
२।१२।२२४
२।१।२२८
२।१।२८८
२।२२।२२८
२।२।२३१
२।२।२३१
२।२।२३१
२।३।२३१
२।३।२३१
२।३।२३१
२।१४।२३५
२।२०।२३५

२।१०।२३८
२।१४।२३६
२।२०।२३६
२।२१।२३६
२।६।२४०
२।१०।२४०
२।१७।२४०
२।२३।२४१
२।२३।२४१
२।२।२४२
६।२।२४४
६।११।२४४
२।१६।२४४
२।१५।२४६
२।२५।२४६
२।१०।२५४
२।३।२५६
२।३।२५६
२।२।२६३
२।२।२६३
२।२०।२६६
२।१६।२७६
२।११।२७७
२।१७।२७६
२।१७।२७६
२।२०।२७६

२।२।२८१
२।२।२८१
२।१२।२८१
२।१२।२८१
२।१६।२८१
२।१६।२८१
२।१६।२८१
२।२।२८२
२।२।२८२
२।२१।२८२
२।१६।२८३
२।१५।२८४
२।१८।२६१
२।२४।२६६
२।१२।२६६
२।१४।३०१
२।२२।३०४
२।११।३०५
२।१०।३०८
२।१०।३१०
२।१०।३१०
२।११।३११
२।४।३१४
२।५।३१४
३।१८।३२६
३।१८।३२६

३।१९।३२६
३।२०।३२६
३।२३।३२८
३।१३।३३१
३।१४।३२२
३।१७।३३२
३।११।३३३
३।१२।३३५
३।१।३४७
३।२३।३४१
४।१९।३६१
४।१९।३६१
४।२।३६२
४।३।३६२
४।३।३६२
४।१४।३६२
४।१४।३६२
४।३।३६२
४।१०।३६३
५।१०।३७८
५।१४।३७९
६।१५।४१६
५।१९।३८१
५।१९।३८१
५।१९।३८५

५।१०।३८८
६।४।४१०
६।१४।४१३
६।१।४१९
६।१।४१९
६।१०।४२७
४।१०।४२७
६।१२।४२९
६।७।४३३
६।१३।४३३
६।१६।४४६
६।१२।४४२
६।५।४४३
६।१।४४४
६।१।४४४
६।२।४४४
६।२२।४४४
६।१२।४४६
६।१६।४४६
६।१८।४५०
६।९।४५१
६।११।४५१
६।१४।४५१
६।२१।४५१
६।२१।४५७

६।८।४५३
६।१७।४५४
